एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आयुष शर्मा के साथ क्राथा में नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस?

अगर सब कुछ सही रहा तो ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस आयुष शर्मा के साथ फिल्म क्राथा में नजर आएंगी। इस फिल्म में संजय दत्त को महत्वपूर्ण भूमिका में लिए जाने की उम्मीद है। ऐसी खबरें हैं कि फिल्म के मेकर्स आयुष शर्मा के साथ जैकलीन फर्नांडिस के नाम पर विचार कर रहे हैं। इस फिल्म में आयुष शर्मा सेना के अधिकारी की भूमिका निभायेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म के निर्माताओं ने जैकलीन फर्नांडिस को स्क्रिप्ट सुनाई है और उनको स्क्रिप्ट पसंद आई है लेकिन फिल्म साइन करने की पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म निर्माता एक फिल्म करने वाले आयुष शर्मा के साथ किसी बड़े चेहरे को लेना चाहते हैं। अगर खबरों की मानें तो इस फिल्म में गैंगस्टर युग के इर्द-गिर्द की कहानी और अडंरवर्ल्ड के शुरुआत और खात्मे को दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता संजय दत्त को फिल्म में लेने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि उनके रोल के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म का डायरेक्शन बॉबी खान करेंगे। बता दें कि सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा ने फिल्म लवयात्री से अपने बॉलिवुड करियर की शुरुआत की थी।

ऐक्टिंग में आप खुद को भूल जाते हैं: सारा अली खान

'केदारनाथ' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली ऐक्ट्रेस सारा अली खान का कहना है कि वह पर्दे पर हर तरह के किरदार निभाना चाहती हैं। सारा ने कहा, 'मैं सबकुछ करना चाहती हूं। मैं संजय लीला भंसाली संग किसी पीरियड फिल्म पर काम करना चाहूंगी, शहरी जीवन से संबंधित कोई फिल्म करना चाहूंगी, रोमांटिक कॉमिडी, कमर्शल मसाला फिल्मों में भी काम करना पसंद करूंगी और शायद ऐक्शन और थ्रिलर में भी हाथ आजमाना पसंद करूंगी।' आने वाले समय में सारा, इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल' के सीक्वेल में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। बॉलिवुड में अपने अब तक के सफर के बारे में सारा ने कहा, 'ऐक्शन और कट के बीच में सबसे रोमांचक चीज यह है कि आप भूल जाते हैं कि आप कौन हैं। आप किसी और की जिंदगी, किसी और की कहानी और किसी और के चरित्र को बखूबी निभाने की कोशिश करते हैं और आप वही बन जाते हैं। सारा ने आगे कहा, 'इस तरह से यह प्रफेशन हमें कई सारी जिंदगियों को जीने और कई सारे अनुभव के होने का मौका देता है।' इस दौरान सारा ने अपनी डेब्यू फिल्म 'केदारनाथ' की शूटिंग को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'केदारनाथ में चरित्र को बहुत ही खूबसूरत तरीके से लिखा गया था और इसे बेहतरीन ढंग से बनाया गया। इस चरित्र के बारे में सुनने के बाद मैं मुक्कू के किरदार को न निभाने की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।' सारा ने कहा कि यह किरदार हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा।

बिग बॉस कंटेस्टेंट बेनफशा सूनावाला के बोल्ड तस्वीरों ने ढहाया कहर

बिग बॉस की कंटेस्टेंट रह चुकीं बेनफशा सोनावाला एक बार फिर से खबरों में हैं. मगर इस बार वह अपनी किसी सीरीज या शो की वजह से नहीं बल्कि अपनी हालिया तस्वीरों की वजह से खबरों में बनी हुई हैं. बेनफशा ने की हाल की तस्वीरें इंटरनेट पर काफी वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में वह बोल्ड बिकिनी में नजर आ रही हैं. इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद लोग इसे लाइक और कमेंट करते हुए नजर आए. बिग बॉस के अलावा वह एमटीवी रोडीज 13 की कंटेस्टेंट भी रह चुकी हैं, इसके अवाला उन्होंने नेटफ्लिक्स की फिल्म चॉप्सटिक में भी नजर आई थीं. बेनफशा एमटीवी चैनल पर वीडियो जॉकी हैं. एमटीवी के मशहूर शो एमटीवी रोडीज के 13 वें सीजन में बेनफशा सोनावाला करन कुन्द्रा की टीम में थीं. उनके इंस्टाग्राम के फॉलोवर्स को देखने के बाद ये कहा जा सकता है कि अब उनका फेम किसी का मोहताज नहीं है. हाल ही में, बेनफाशा ने अपने इंस्टाग्राम पर सुपर हॉट बिकनी की कुछ तस्वीरों को शेयर किया है जिसमें वह सी बीच पर टहल रही है. बेनफशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फॉलोवर्स के बीच अपनी खूबसूरत तस्वीरों को शेयर करती रहती हैं. सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरों के वह काफी चर्चा में भी रहती हैं.